# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी–दिव्यराज सिंह चुण्डावत (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या 35/2025

दायर दिनांक 07.01.2025

निर्णय दिनांक 03-06-2025

1. अनोपी पत्नी स्व. रघुनाथ जाति गुर्जर
2. कालू पुत्र श्रीकिशन जाति गुर्जर
3. गिरधारी पुत्र श्रीकिशन जाति गुर्जर
4. प्रह्लाद पुत्र रघुनाथ जाति गुर्जर
5. बनवास पुत्र श्रीकिशन जाति गुर्जर
6. भेरू पुत्र श्रीकिशन जाति गुर्जर
7. मंजु पुत्री रघुनाथ जाति गुर्जर
8. नाबालिग रेखा पुत्री रघुनाथ सरंक्षक सरपरस्त माता अनोपी जाति गुर्जर उम्र–वयस्क
9. श्रृंगारी पत्नी स्व. श्रीकिशन जाति गुर्जर उम्र–वयस्क
10. सूरमा पुत्री रघुनाथ जाति गुर्जर आयु–वयस्क निवासी – ग्राम भडानीखेड़ा, तहसील व जिला आवासीय राज.।

–– प्राथीगण

बनाम

1. पार्वती कंवर पत्नी मोहन सिंह जाति राजपूत, उम्र वयस्क निवासी रिछड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा
2. मोहन सिंह पुत्र रतन सिंह जाति राजपूत, उम्र वयस्क निवासी रिछड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा
3. उदय लाल पुत्र रामलाल जाति गुर्जर, उम्र वयस्क निवासी भडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा
4. कल्याण पुत्र रामलाल जाति गुर्जर, उम्र वयस्क निवासी मडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा
5. मोहन लाल पुत्र रामलाल जाति गुर्जर, उम्र वयस्क निवासी भडाणीखेडा तहसील व जिला भीलवाड़ा
6. रामकिशन पुत्र रामलाल जाति गुर्जर उम्र उम्र वयस्क निवासी भडाणीखेडा तहसील व जिला भीलवाड़ा
7. भैरू लाल पुत्र लालू जाति गुर्जर, उम्र वयस्क निवासी गडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा
8. माधू लाल पुत्र लालू जाति गुर्जर, उम्र वयस्क निवासी भडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा
9. अन्जा पत्नी लाला जाति गुर्जर, उम्र वयस्क निवासी भडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

10. काना पुत्र लाला जाति गुर्जर, निवासी भडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाडा
11. बक्सु पुत्र लाला जाति गुर्जर, निवासी भडाणीखेडा तहसील व जिला भीलवाड़ा
12. ऊदा पुत्र हेमा जाति गुर्जर, निवासी भडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा
13. काशी पुत्र हेमा जाति गुर्जर, निवासी भडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा
14. कल्याण पुत्र मेगा जाति गुर्जर, निवासी भडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा
15. भोजा पुत्र मेगा जाति गुर्जर, निवासी भडाणीखेडा तहसील व जिला भीलवाडा
16. मधु पुत्र नारायण जाति गुर्जर, निवासी भडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाडा
17. हरदेव पुत्र नारायण जाति गुर्जर, निवासी भडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा
18. कल्याण पुत्र गंगाराम जाति गुर्जर, निवासी भडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा
19. उदा पुत्र गंगाराम जाति गुर्जर, निवासी भडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा
20. भागुता पुत्र गंगाराम जाति गुर्जर, निवासी भडाणीखेड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा

—— विपक्षीगण

उपस्थितः—अधिवक्ता प्रार्थी श्री राजेश चौधरी
अप्रार्थी संख्या 01 से लगाकर 20 उपस्थित नहीं

**—: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 आर0एल0आर एक्ट :—**

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने विपक्षीगण के विरूद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम भडाणीखेडा पटवार हल्का रीछडा भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र महुआकला तहसील व जिला–भीलवाड़ा की सरहद मे हम प्रार्थीगण की कृषि आराजियात स्थित है जिसका विवरण आराजी संख्या 661 क्षैत्रफल 0.4299 हेक्टेयर, आराजी संख्या 668 क्षैत्रफल 0.3794 हेक्टेयर, आराजी संख्या 715 क्षैत्रफल 0.2276 हेक्टेयर, आराजी संख्या 716 क्षेत्रफल 0.1517 हेक्टेयर भूमि स्थित है। प्रार्थीगण की खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है और प्रतिवादी के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नही होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थीगण खातेदारी आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराना चाहता है। प्रार्थी वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। प्रार्थी संख्या 01 से लगायत 20 उपस्थित नहीं। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थीगण द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थीगण द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थी अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना चाहते है। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन् किया एंव पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

मैंने पत्रावली में प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थी आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे आराजियात की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के कम में प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार होने से सीमांकन (पत्थरगढी) कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है।

अतः तहसीलदार भीलवाडा को सीमांकन (पत्थरगढी ) करने का आदेश दिया जाता है कि ग्राम भडाणीखेडा पटवार हल्का रीछडा भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र महुआकला तहसील व जिला–भीलवाड़ा की सरहद मे हम प्रार्थीगण की कृषि आराजियात स्थित है जिसका विवरण आराजी संख्या 661 क्षैत्रफल 0.4299 हेक्टेयर, आराजी संख्या 668 क्षैत्रफल 0.3794 हेक्टेयर, आराजी संख्या 715 क्षैत्रफल 0.2276 हेक्टेयर, आराजी संख्या 716 क्षैत्रफल 0.1517 हेक्टेयर भूमि स्थित है। भूमि कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी कार्य संपादन से पूर्व फरिकेन मुकदमा को सूचित किया जावे। पत्थरगढ़ी का आशय पक्षकारों की उपस्थिति में निशानात कायम करने भर से है। इस आदेश में किसी पक्ष की बेदखली व कब्जा देने की कार्यवाही नहीं की जाए तथा किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन(पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार भीलवाडा को 1000–00 अक्षरे एक हजार रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे, तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करे। तहसीलदार भीलवाडा को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावे। निर्णय आज दिनांक 03-04-2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(दिव्यराज सिंह चुण्डावत)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा